शनिवार
18 नवंबर 2023

# केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
आपकी आवाज



देव मेले में पहुंचेंगे 12 लाख श्रद्धालु, 250 सीसीटीवी से होगी निगरानी 2






संतान प्राप्ति की कामना, संतान की कुशलता और सुख-समृद्धि के लिए किया जानेवाला लोक आस्था का महापर्व छठ की शुरुआत शुक्रवार से हुई। चार दिवसीय इस पर्व के पहले दिन नहाय-खाय, दूसरे दिन खरना, तीसरे दिन अस्त होते सूर्य को अर्घ्य और चौथे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ महापर्व का समापन होगा। पहले दिन व्रतियों ने स्नान के बाद घर में कद्दू, चावल, चने की दाल और अन्य व्यंजन तैयार कर भगवान को अर्पित कर प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। वहीं महापर्व के दूसरे दिन शनिवार को खरना का अनुष्ठान होगा। छठ व्रती दिनभर उपवास रखेंगे। सूर्यास्त के बाद छठी मैया की पूजा-अर्चना करेंगे और खीर, रोटी, केला और नैवेद्य अर्पित करेंगे. व्रती स्वयं इन व्यंजनों को प्रसाद स्वरूप ग्रहण करेंगे। यहीं से व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो जायेगा, जो सोमवार सुबह अर्घ्य देने के बाद पूरा होगा।

## स्वच्छता और सुरक्षा का मानक बने छठ महापर्व: सीएम योगी

- छठ महापर्व की तैयारियों की सीएम ने की समीक्षा, दिए जरूरी निर्देश
- आम जन से मुख्यमंत्री की अपील, सिंगल यूज प्लास्टिक को कहें न

केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी छठ पर्व को 'स्वच्छता और सुरक्षा' के मानक पर्व के रूप में आयोजित करने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि छठ महापर्व पर पूजा/अनुष्ठान के दौरान पूरे प्रदेश में स्वच्छ्ता का माहौल हो, इसके लिए नगर विकास और पंचायती राज विभाग द्वारा विशेष प्रयास किये जायें। लोगों की आस्था का यथोचित सम्मान करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि नदियां/जलाशय दूषित न हों। लोगों से सिंगल यूज प्लास्टिक म प्रयोग न करने के लिए जागरूक करें। उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए रात्रि 1-2 बजे से ही श्रद्धालुओं/व्रतियों का आवागमन प्रारंभ हो जाता है, ऐसे में हर जगह समुचित प्रकाश व्यवस्था कराई जाए। नदी/जलाशय घाटों की साफ-सफाई



करा लें और ट्रैफिक प्रबंधन भी किया जाए। नगर विकास मंत्री, महापौर लखनऊ, कृषि उत्पादन आयुक्त, एसडीजी कानून-व्यवस्था, प्रमुख सचिव नगर विकास, पुलिस कमिश्नर, जिलाधिकारी व नगर आयुक्त लखनऊ के साथ तैयारियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में छठ के बीच स्वच्छ्ता के दृष्टिगत 'स्वच्छ घाट' प्रतियोगिता भी कराई जानी चाहिए। पर्व पर आतिशबाजी की परंपरा है, ऐसे में यह ध्यान रखें कि भीड़ भाड़ के बीच आतिशबाजी न हो। सुरक्षा के दृष्टिगत सादी वर्दी में पुलिसकर्मियों की तैनाती भी की जाए। इस अवसर पर बिजली की निर्बाध आपूर्ति होनी चाहिए।

### कर्मचारियों की समस्या के निस्तारण के लिए हर माह होगी बैठक

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के अधीन काम करने वाले राज्य कर्मचारियों एवं कर्मचारी संगठनों की समस्याओं के निस्तारण के लिए सरकार ने अहम कदम उठाया है। सरकार ने राज्य सरकार के समस्त अधिकारियों को अपने अधीन काम कर रहे कर्मचारियों एवं कर्मचारी संगठनों की मांग एवं समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रत्येक माह कम से कम एक बार बैठक करने के निर्देश दिए हैं। इन बैठकों में अधिकारी न सिर्फ कर्मचारी और कर्मचारी संगठनों की समस्याओं और मांगों को सुनेंगे, बल्कि उनका निस्तारण भी सुनिश्चित करेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार की ओर से पहले भी इस संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं और अब नियमित रूप से इस पर कायवार्ही सुनिश्चित करने को कहा गया है।

**समस्याओं और मांगों की नियमित समीक्षा और निस्तारण है आवश्यक:** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की ओर से समस्त अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, विभागाध्यक्ष, मंडलायुक्त एवं जिलाधिकारियों को इस विषय से अवगत कराते हुए निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश में कहा गया है कि निर्गत सुस्पष्ट निदेर्शों के उपरांत भी शासन स्तर पर उच्चाधिकारियों के समक्ष विभिन्न कर्मचारी संगठनों द्वारा समय-समय पर सेवा संबंधी प्रकरण मांग-पत्र प्राप्त होते रहते हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि कर्मचारी संगठनों की मांगों पर विभागाध्यक्ष स्तर पर समाधान और अनुश्रवण की प्रभावी कार्यवाही नही हो पा रही है। विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि मुख्य सचिव एवं अपर मुख्य सचिव, कार्मिक विभाग से सेवा संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर संपर्क करते हैं। ऐसे प्रकरण जिनका समाधान विभागाध्यक्ष या प्रशासकीय विभाग के स्तर पर किया जा सकता है, की नियमित समीक्षा कर निराकरण कराया जाना आवश्यक है। इसमें आगे ये भी कहा गया है कि कर्मचारी संगठनों एवं कर्मचारियों की मांगों एवं समस्याओं के संबंध में शासन के समस्त अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिवगण तथा विभागाध्यक्ष व मंडलायुक्त एवं जिलाधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभागों, जनपदों में मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठनों की समस्याओं और मांगों तथा कार्मिकों की व्यक्तिगत समस्याओं के निस्तारण के लिए माह में कम से कम एक बार बैठक आयोजित उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

## मप्र की 230 और छत्तीसगढ़ की 70 सीटों के लिए डाले गए वोट

# मध्य प्रदेश में 71.16% छत्तीसगढ़ में 68.15% मतदान, 3 को नतीजे

- मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में बीजेपी और कांग्रेस के बीच काफी हद तक सीधी लड़ाई
- छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट में आईटीबीपी का एक जवान शहीद

एजेंसी/भोपाल/रायपुर

मध्य प्रदेश की 230 सीटों और छत्तीसगढ़ की 70 विधानसभा सीटों के लिए हुए शुक्रवार को वोट डाले गए। चुनाव आयोग के अनुसार मध्य प्रदेश में शाम पांच बजे तक 71.16%. वहीं, छत्तीसगढ़ में 68.15% वोटिंग हुई। इस चुनाव में मध्य प्रदेश में जहां कमलनाथ और दिग्विजय सिंह जैसे कांग्रेस के दिग्गज नेताओं का राजनीतिक भविष्य दांव पर है। वहीं सीएम शिवराज सिंह चौहान समेत भाजपा के केंद्रीय मंत्रियों के लिए भी यह चुनाव अहम है। छत्तीसगढ़ में हुआ मतदान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उनके डिप्टी टीएस सिंह देव, आठ राज्य मंत्रियों जैसे राजनीतिक दिग्गजों के भाग्य का फैसला करेगा। दोनों राज्यों की लिए वोटों की गिनती 3 दिसंबर 2023 को की जाएगी। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में बीजेपी और कांग्रेस के बीच काफी हद तक सीधी लड़ाई है। मध्य प्रदेश में 5.6 करोड़ से अधिक रजिस्टर्ड वोटर हैं। छत्तीसगढ़ में दूसरे और अंतिम चरण के मतदान में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री राज्य के आठ मंत्रियों और चार सांसदों समेत 958 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को राज्य में जारी वोटिंग के बीच रेहटी में मतदान केंद्र का दौरा किया। इस दौरान सीएम ने पत्रकारों से कहा, ₹मतदान चल रहा है, जनता काफी उत्साहित हैं। मैंने देखा कि अगर किसी का एक्सीडेंट हो जा रहा है या किसी प्रकार की दिक्कत है तब भी लोग वोट डालने आ रहे हैं। बुजुर्ग लोग, जिन्हें चलने में दिक्कत है वे भी मतदान के लिए आ रहे हैं। लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने शुक्रवार को मध्यप्रदेश विधानसभा चुनावों में अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया और कहा कि उन्होंने विकास के मुद्दे पर वोट डाला। महाजन ने अपने गृह नगर इंदौर के ओल्ड पलासिया क्षेत्र के एक मतदान केंद्र में वोट डालने के बाद कहा, मैंने विकास के मुद्दे पर मतदान किया।



### छत्तीसगढ़ में मतदान के दौरान हिंसा, नक्सलियों ने की आगजनी

छत्तीसगढ़ में मतदान के दौरान हिंसा की भी खबर सामने आई है। गरियाबंद में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट में आईटीबीपी का एक जवान शहीद हो गया। वहीं, मतदान के दौरान एक महिला की मौत हो गई। जबकि मतदान करने जा रहे एक व्यक्ति को जंगली हाथी ने कुचल दिया। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में नक्सलियों ने आगजनी की है। इस दौरान नक्सलियों ने मतदान बहिष्कार को लेकर पर्चे भी फेंके। नक्सलियों ने पखांजुर के छोटेबाठिया इलाके के अचनीया में जियो टॉवर में आग लगा दी और सड़क पर पेड़ काटकर रास्ता जाम कर दिया।

### दिग्विजय सिंह बोले-नरोत्तम मिश्रा के खिलाफ हो कार्रवाई

कांग्रेस पार्टी के सीनियर नेता दिग्विजय सिंह ने मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा के खिलाफ एक्शन की मांग की है। नरोत्तम मिश्रा ने कहा था कि अगर राज्य में बीजेपी के अलावा अन्य कोई पार्टी जीतती है तो पाकिस्तान में उत्सव होगा। दिग्विजय सिंह ने कहा कि यह एक उकसाने वाला बयान है। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए. भारतीय चुनाव आयोग को उन्हें तुरंत नोटिस देना चाहिए।

## डीपफेक भारत के लिए सबसे बड़े खतरा: पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए बनाए जाने वाले डीप फेक वीडियो के संदर्भ में कहा है कि यह चिंताजनक है। डीपफेक भारत के सामने मौजूद सबसे बड़े खतरों में से एक है, इससे अराजकता पैदा हो सकती है। उन्होंने मीडिया से आग्रह किया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डीप फेक को लेकर लोगों को जागरुक किया जाए। पीएम ने कहा कि कार्यक्रमों के जरिए लोगों को एजुकेट करें कि डीपफेक है क्या, कितना बड़ा संकट पैदा कर सकता है और इसके प्रभाव क्या हो सकता हैं, उसको उदाहरणों के साथ लोगों को बताया जाए। शुक्रवार को दिल्ली के भाजपा मुख्यालय में दिवाली मिलन समारोह के दौरान मीडिया से बातचीत में पीएम मोदी ने दिवाली के दीप और डीपफेक के डीप को एक दूसरे से जोड़ते हुए कहा कि मीडिया को इस संकट के बारे में लोगों को शिक्षित करना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को राष्ट्रीय पर्व कहा है। उन्होंने क्षेत्रीय उद्योगों को बढ़ावा देने की अपनी महत्वकांक्षी पहल का जिक्र करते हुए कहा कि वोकल फॉर लोकल को लोगों का जबरदस्त समर्थन मिला है. मोदी ने आगे कहा कि कोविड महामारी के दौरान भारत की उपलब्धियों ने लोगों में विश्वास पैदा किया कि देश अब रुकने वाला नहीं है।

## युवक की मौत की सूचना पर अस्पताल पहुंचे चिराग, डॉक्टर नहीं मिलने पर लगाई क्लास


केटी न्यूज/पटना

पटना के एक अस्पताल में घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत की सूचना पर पहुंचे सांसद चिराग पासवान वहां लापरवाही देख स्टाफ और निदेशक की जमकर क्लास ली। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में उन्हें एक भी डॉक्टर नहीं मिला। यह देख वह गुस्सा हो गए।

दरअसल, कुछ दिनों पूर्व ही जमुई में एक दारोगा की बालू लदे अनियंत्रित ट्रैक्टर के चालक ने कुचलकर मार दिया था। उसके दूसरे दिन जमुई में ही एक बालू लदे अनियंत्रित ट्रक ने दो युवकों को कुचल दिया था. घायल युवक को पटना रेफर तो किया गया लेकिन अस्पताल में मौत हो गई। चिराग ने अस्पताल में मौजूद स्टाफ से कहा, आप लोग यहां पर गोरखधंधा बनाए हुए हैं। एक डॉक्टर आप लोगों का अस्पताल में नहीं है। उल्टा मत बोलिए। आपका कोई पेशेंट एडमिट होगा तो पता चलेगा। लाइगा अपने परिवार के किसी को एडमिट कराने? चिराग ने कहा कि जितने लोग ऑन ड्यूटी हैं सबका नाम एफआईआर में लिखा जाए। ये लोग डॉक्टर को बचाने में लगे हैं। उन्होंने अस्पताल के निदेशक को कहा कि आधे घंटे से आकर हम बैठे हुए हैं। यहां पर एक डॉक्टर नहीं है। डॉक्टर है तो बुलाइए। आप लोग जो गोरखधंधा बनाए हुए हैं इसके खिलाफ मैं लिखकर दे रहा हूं। इसके बाद आप लोग जवाब देते रहिएगा।

### सीएम नीतीश पर बोला हमला

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए चिराग पासवान ने सीएम नीतीश कुमार पर हमला किया। मुख्यमंत्री से सवाल करते हुए कहा कि आपकी विफल बालू नीति और आपके संरक्षण में पल रहे बालू माफिया कितने बिहारियों की जान लेंगे और आप कब तक आंख मूंद कर सोए रहेंगे? चिराग ने कहा कि बिहार में प्रतिदिन बालू तस्करों के तांडव से बिहारियों की जान जा रही है। कुछ दिनों पूर्व ही जमुई में एक दारोगा की कुचल कर हत्या कर दी गई और उसके दूसरे दिन जमुई में ही एक बालू लदे अनियंत्रित ट्रक ने दो युवकों को कुचल दिया। मुख्यमंत्री से कहा कि आपकी नाकामियों की सजा बिहारियों को कब तक मिलेगी?




## इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड से उत्तर प्रदेश के 3,662 अस्पतालों को किया गया लिंक

# आयुष्मान कार्ड बनाने में यूपी पहले तो एमपी दूसरे नंबर पर

केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ

प्रदेशवासियों को गुणवत्तापूर्ण एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए योगी सरकार लगातार युद्धस्तर पर काम कर रही है। इतना ही नहीं योगी सरकार प्रदेश के साथ ही केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को मिशन के तौर पर लेकर प्रदेश में आगे बढ़ रहे हैं। यही वजह है कि पूरे देश में आयुष्मान भारत के तहत आयुष्मान कार्ड बनाने में उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। वहीं इसके बाद क्रमशः मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश का नंबर आता है।

**1 करोड़ 80 लाख परिवार के बनाए गए आयुष्मान कार्ड:** स्टेट एजेंसी फॉर कम्प्रिहेंसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज (सांची) की सीईओ संगीता सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री




योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरुप प्रदेश के गरीब लोगों को निशुल्क और गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश के पात्र लाभार्थियों के शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है। इसके लिए समय-समय पर प्रदेशभर में विशेष अभियान भी चलाया जाता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मॉनिटरिंग और दिशा-निर्देश का ही नतीजा है कि उत्तर प्रदेश पूरे देश में आयुष्मान कार्ड बनाने में पहले पायदान पर है। उत्तर प्रदेश में अब तक 1 करोड़ 80 लाख परिवार के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। इसमें से 1 करोड़ 31 लाख परिवार के आयुष्मान कार्ड प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत बनाए गए हैं, जबकि 56 लाख परिवार के आयुष्मान कार्ड मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत बनाए गए हैं। उत्तर प्रदेश पूरे देश में 4 करोड़ 15 लाख 41 हजार 992 से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाकर पहले पायदान पर है, जबकि दूसरे स्थान पर मध्य प्रदेश है, जहां अब तक 3 करोड़ 70 लाख आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। वहीं तीसरे स्थान पर छत्तीसगढ़ है, जहां 2 करोड़ 3 लाख कार्ड धारक हैं, जबकि चौथे स्थान पर कर्नाटक और पांचवें स्थान पर आंध्र प्रदेश है। कर्नाटक में 1 करोड़ 51 लाख और आंध्र प्रदेश में 1 करोड़ 40 लाख आयुष्मान कार्ड धारक हैं।

**इलाज में अब तक 3,914 करोड़ की धनराशि खर्च:** सांची की सीईओ ने बताया कि प्रदेश में कुल लाभार्थियों में से 70 प्रतिशत परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। योगी सरकार ने पात्र लाभार्थियों के शत-प्रतिशत कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया है। वहीं इलाज के लिए लाभार्थियों को भटकना न पड़े इसके लिए योगी सरकार अब तक प्रदेश के 3,662 अस्पतालों को आयुष्मान कार्ड से जोड़ चुकी है। इसमें 1118 सरकारी और 2544 निजी अस्पताल शामिल हैं। इन अस्पतालों द्वारा 27,62,262 लाभार्थियों का इलाज किया जा चुका है। इनमें से कई ऐसे लाभार्थी हैं जिन्होंने दो से तीन बार इलाज कराया है। वहीं अति गंभीर बीमारी किडनी ट्रांसप्लांट, हार्ट सर्जरी, हार्ट डिजीज, कूल्हा-घुटना प्रत्यारोपण और कैंसर के इलाज के साथ सर्जरी कराने वाले 4,37,290 लाभार्थी भी शामिल हैं। इसके लिए अब तक 3,914 करोड़ की धनराशि खर्च की जा चुकी है। इसमें से 1502 करोड़ की धनराशि अति गंभीर बीमारी के इलाज में खर्च की गयी है।

## छठ महापर्वः शांति व्यवस्था के लिए औरंगाबाद में पुलिस फोर्स ने किया फ्लैग मार्च

# देव मेले में पहुंचेंगे 12 लाख श्रद्धालु, 250 सीसीटीवी कैमरे से होगी मेले की निगरानी

- एसपी ने दुकानदारों व आमजन से शांति व सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में बात कर सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाया, महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

महापर्व छठ को लेकर पुलिस प्रशासन ने शांति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य और असामाजिक तत्वों को कड़ी चेतावनी देने के लिए पुलिस अधिक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। साथ ही मौके पर आरएएफ एवं सीआरपीएफ बलों को उनके कर्तव्य से अवगत कराया गया। उन्होंने दुकानों पर पहुंचकर दुकानदारों व आमजन से शांति व सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में संवाद स्थापित किया। एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाया। वहीं संदिग्ध व्यक्तियों व वस्तुओं की तत्काल सूचना देने एवं छठ महापर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाएं जाने की अपील की। इस दौरान देव में भीड़-भाड़ वाले स्थानों, बाजारों व महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आस-पास सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अभियान मुकेश कुमार ने बताया कि ये फ्लैग मार्च उन लोगों के लिए कड़ी चेतावनी है, जो सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की फिराक में लगे रहते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की नई परंपरा की शुरूआत नहीं होने दी जाएगी। जो भी शांति भंग अथवा माहौल को खराब करने की कोशिश करेगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर कई अन्य पुलिस पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे।



### एसपी ने सौहार्द पूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की

ऐतिहासिक धार्मिक और पौराणिक यथा विश्व प्रसिद्ध देव कार्तिक छठ मेले में इस बार 10-12 लाख छठ व्रतियों के पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुए औरंगाबाद पुलिस प्रशासन सुरक्षा - व्यवस्था को लेकर तत्पर है। इस मेले में बिहार - झारखंड ही नहीं बल्कि देश भर के विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु पहुंचेंगे। विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस अधिक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम ने विडियो जारी कर छठ महापर्व के प्रति आस्था रखने वाले लोगों को हार्दिक दी शुभकामनाएं। साथ ही सौहार्द पूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की हैं।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि देव थाना अंतर्गत छठ व्रतियों की ठहरने के लिए 09 स्थानों पर आवासन की व्यवस्था किया गया है। जिसमें बिजली, पेयजल एवं स्नानागार की सुविधा है। मेला परिसर में छठ व्रतियों के अनुमानित आगमन को देखते हुए 10 स्थानों पर वाहन पार्किंग की व्यवस्था की गयी है। देव छठ मेला परिसर में सुरक्षा के दृष्टिकोण से 250 सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। जिसके माध्यम से पूरे मेला परिसर पर निगरानी रखी जाएगी। सुरक्षा व विधि-व्यवस्था संधारण हेतु 300 दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी, 04 कंपनी अर्द्धसैनिक बल, 02 ट्रुप अवश्रोही बल एवं 2000 सिपाही की प्रतिनियुक्ति की गयी है। इसके अलावा क्यूआरटी दल, एसडीआरएफ दल, अग्निशामक दल को सभी संसाधन के साथ तथा पर्याप्त संख्या में एम्बुलेंस के साथ मेडिकल टीम को भी प्रतिनियुक्त किया गया हैं। आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल कराया गया। ड्रोन के माध्यम से पूरे मेला परिसर पर निगरानी रखी जायेगी। भीड़ नियंत्रण हेतु रैपीड एक्सन फोर्स की प्रतिनियुक्ति की गई है। सादे लिवास में महिला पुलिस पदाधिकारी एवं बल की प्रतिनियुक्ति की गयी है। छठ पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु सभी वरीय पदाधिकारी मेला में कैम्प करेगें। पुरे मेला परिसर को चार सेक्टर में विभक्त कर मेला क्षेत्र में सत्त निगरानी हेतु चार नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है।

### देवकुंड सहित अन्य जगहों पर नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ चार दिवसीय छठ पर्व

देवकुंड स्थित सहस्त्रों धारा तालाब में शुक्रवार को नहाय खाय के साथ छठ महापर्व की शुरूआत हो गई है। चार दिवसीय महापर्व के लिए नदी के घाटों पर साफ-सफाई हो चुकी है। साथ ही छठ मैया की स्थापना कर दी गई है। सुबह स्नान के बाद कद्दू की सब्जी और चने की दाल के साथ चावल का भोग ग्रहण करने के बाद छठ पर्व का व्रत शुरू हो गया है। शनिवार की शाम को खरना का आयोजन होगा। खरने में गुड़ और दूध से बनी खीर का प्रसाद व्रती ग्रहण करेंगे ।पड़ोस में खीर को प्रसाद के रूप में बांटा जाता है। प्रसाद ग्रहण करने के बाद व्रती लोग रविवार शाम डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगे और सोमवार सुबह उगते सूरज को अर्घ्य दिया जाएगा। इसके बाद छठ पूजा संपन्न होगी।

### छठ को लेकर सजे बाजार, खरीदारी में जुटे लोग

स्वच्छता, आस्था और विश्वास के इस महापर्व में छठ व्रतियों के साथ, क्या आम क्या खास, सभी भगवान भास्कर की आराधना में लगे हैं। सूप डाला की दुकान के साथ ही फलों तथा सब्जियों की दुकानों में अच्छी खासी भीड़ देखी जा रही है। पूजन सामग्रियों, सूप व दउरा से पूरा बाजार पट गया है। पिछले साल की अपेक्षा इस बार पूजन सामग्रियों के दामों में इजाफा से मीडिल क्लास समेत गरीब तबके के लोगों को परेशानी आ रही है। 15 से 20 प्रतिशत तक हरेक चीजों के दामों में बढ़ोत्तरी हुई है।

### बिहटा से अवैध बालू लदे 10 ट्रक जब्त

**आरा।** भोजपुर में अवैध खनन के खिलाफ फिर पुलिस प्रशासन का डंडा चला। उस दौरान अवैध बालू लदे दस ट्रकों को जब्त किया गया है। डीएम और एसपी के निर्देश पर खनन विभाग व पुलिस की टीम द्वारा इमादपुर थाना क्षेत्र के बिहटा से सभी ट्रकों को जब्त किया गया है। एसपी प्रमोद कुमार यादव द्वारा शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि कुछ दिनों से सूचना मिल रही थी कि पीरो अनुमंडल के बिहटा इलाके में ट्रक और ट्रैक्टर से चोरी छिपे बालू की चोरी की जा रही है। उस आधार पर बालू चोरों को पकड़ने के लिए खनन अधिकारी के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। उसमें इमादपुर थानाध्यक्ष ओम प्रकाश कुमार, सिकरहट्टा थानाध्यक्ष पवन कुमार, चोरी थानाध्यक्ष कुमार रजनी कांत और तरारी थानाध्यक्ष पी के भास्कर शामिल थे।

### नेता प्रतिपक्ष छोटी मुंह बड़ी बात करते हैं: मंत्री

**जहानाबाद।** एक निजी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सहकारिता मंत्री सुरेंद्र प्रसाद यादव शुक्रवार को जिले में पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा छोटी मुंह बड़ी बात करते हैं। नीतीश कुमार के बारे में कुछ भी बोलना नेता प्रतिपक्ष को शोभा नहीं देता। उन्होंने कहा कि लालू यादव का जोड़ का कोई नेता पूरे देश में नहीं है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष क्या बोलते हैं इनको कोई नोटिस नहीं लेता है।

## आभूषण कारोबारी लूटकांड का मुख्य अपराधी गिरफ्तार





**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर में एनएच 319 पर धनगाईं थाने के महादेव चौक के पास पिछले सितंबर माह आभूषण कारोबारी लूट कांड के मुख्य अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वह तीयर थाने के अंधारी बाग गांव निवासी कन्हैया सिंह का पुत्र मनीष राइडर है। उसे अंधारी बाग स्थित मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया है। वह अन्य थानों में लूट की अन्य घटनाओं में भी शामिल है। पुलिस की पूछताछ में उसने लूट की अन्य घटनाओं में शामिल होने की बात स्वीकार की है।

एसपी प्रमोद कुमार यादव की ओर से शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि 15 सितंबर की शाम जगदीशपुर निवासी आभूषण व्यवसायी अशोक सोनी तीयर थाने के देवराढ़ स्थित अपनी दुकान बंद कर बेटे के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। तभी महादेव चौक के समीप बाइक सवार तीन अपराधियों द्वारा हथियार के बल पर उनसे करीब तीन किलो के चांदी के जेवर और दो मोबाइल छीन लिया गया था। उसके बाद लुटेरों की गिरफ्तारी और लूटे गए जेवर की बरामदगी को जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। टीम द्वारा पूर्व में तीन अपराधियों को लूटे गए चांदी के साथ गिरफ्तार कर लिया गया था। तीनों की निशानदेही पर लूटकांड के मुख्य अपराधी मनीष राइडर को गिरफ्तार कर लिया गया। वह टॉपटेन अपराधियों में शामिल था।

पूछताछ में उसने धनगाई सहित अन्य थानों में लूट की घटनाओं में शामिल होने की बात स्वीकार की है। उन मामलों में भी उसे रिमांड किया जाएगा। एसपी ने बताया कि आभूषण कारोबारी से इस लूट की घटना में दो अन्य अपराधियों की भी संलिप्ता सामने आ रही है। दोनों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। जल्द ही दोनों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। टीम में धनगाई थानाध्यक्ष नीतू प्रिया, जगदीशपुर थानाध्यक्ष राज किशोर सिंह और डीआईयू के अफसर और जवान शामिल थे।



# छठव्रतियों की भावनाओं का ख्याल रखें अधिकारीः डीएम

- औरंगाबाद डीएम और एसपी ने सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ की बैठक

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक स्वप्ना जी मेश्राम द्वारा औरंगाबाद जिले के देव प्रखंड के सूर्य कुंड परिसर में कार्तिक छठ मेला के दौरान सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को ड्यूटी के दौरान छठव्रतियों की भावनाओं एवं श्रद्धा का ख्याल रखने एवं 17 से 20 नवंबर के बीच पूरी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने का निर्देश दिया गया।

जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि चूंकि सूर्यकुंड छठ घाट पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं इसलिए यह आवश्यक है कि सभी प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट एवं पुलिस कर्मी अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल की पुरी जानकारी प्राप्त कर लें। इस दौरान सदर अनुमंडल पदाधिकारी विजयंत द्वारा सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को उनके कार्यों एवं दायित्वों की पूर्ण जानकारी दी गई एवं उन्हें आज से ही ड्यूटी पर तैनात रहने का निर्देश दिया गया।

एसडीएम द्वारा सूर्य मंदिर, सूर्य कुंड, रुद्र कुंड एवं मेला क्षेत्र के सभी मार्गों पर प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारियों को आज ही अपने स्थल का भ्रमण कर सुनिश्चित होने का निर्देश दिया गया एवं बताया गया कि किसी भी परिस्थिति में श्रद्धालुओं की भीड़ के मूवमेंट को रुकने ना दें एवं लोगों के आवागमन को बाधित न होने दें। बताया गया कि देव कार्तिक छठ मेला के दौरान सूर्य कुंड एवं रुद्र कुंड घाट के चारों तरफ वरीय उप समाहर्ता की निगरानी में दंडाधिकारी एवं पुलिस कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी लोग अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर जाकर देख लें ताकि आपस में इफेक्टिव कम्युनिकेशन स्थापित किया जा सके। इस बैठक में अपर समाहर्ता, एडीएम पीजीआरओ, उप विकास आयुक्त, एसडीएम विजयंत, जिला परिवहन पदाधिकारी, डीएसपी मुख्यालय, वरीय उप समाहर्ता फतेह फैयाज, डीसीएलआर स्वेतांक लाल, वरीय उप समाहर्ता अमित कुमार सिंह, वरीय उप समाहर्ता कृष्णा कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी संग्राम सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी, डीएसपी मुख्यालय नभ वैभव एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### देव छठ मेले में नि:शुल्क ऑटो का हुआ परिचालन

**औरंगाबाद।** ज़िला प्रशासन औरंगाबाद की ओर से देव में छठ महापर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं के मद्देनजर निःशुल्क ऑटो परिचालन की शुरूआत की गई हैं। मौके पर उप विकास आयुक्त अभ्येंद्र कुमार सिंह, सदर अनुमण्डल पदाधिकारी विजयंत, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मो. अमानुल्लाह खां, पीएनबी के एलडीएम उपेंद्र चतुर्वेदी सहित कई अन्य मौजूद रहे। गौरतलब है कि मेला परिसर में बड़ी वाहनों का प्रवेश वर्जित है जिसके मद्देनजर आने वाले श्रद्धालुओं के सुविधा को लेकर ऑटो का परिचालन किया गया है।

# रफीगंज में विवाहिता की संदिग्ध स्थिति में मौत, ससुराल वालों पर जहर देने का आरोप

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

रफीगंज एक विवाहिता को जबरन जहर पिला कर हत्या का मामला सामने आया है। मामला रफीगंज थाना क्षेत्र के बलिगांव की हैं। महिला की पहचान उस गांव निवासी सत्येन्द्र चौधरी की 20 वर्षीय पत्नी मनीषा कुमारी के रुप में की गई। वैसे उसका मायका ओबरा थाना क्षेत्र के मनोरा गांव में पड़ता है। सुसराल वालों पर आरोप है कि महिला को मारपीट कर जहर पिला दिया गया और स्थिति बिगड़ने पर गया स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती करवया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। मामले में मृतिका के चाचा मनोरा गांव निवासी राजकुमार साव ने बताया कि मनीषा की शादी इसी वर्ष बलिगांव निवासी विजय चौधरी के पुत्र सत्येन्द्र चौधरी के साथ हुई थी। शादी में मांग के अनुसार दहेज पुरी की गई थी। इसके वावजूद दहेज के लिए सुसराल वाले मनीषा को प्रताड़ित करते थे। इसी क्रम में गत 13 नवंबर को ससुराल वालों ने मनीषा को मारपीट कर जबरन जहर पिला दिया गया जिसमें इलाज के दौरान 14 नवंबर को उसकी मौत हो गई। मामले में उन्होने मनीषा के पति सत्येन्द्र चौधरी, सास ललिता देवी, ससुर विजय चौधरी, भैसुर धर्मेंद्र चौधरी, संजय चौधरी एवं गोतनी गीता देवी को नामजद आरोपी बनाया है।

### अधेड़ महिला हत्याकांड में फरार आरोपित चढ़ा पुलिस के हत्थे

**औरंगाबाद।** अधेड़ महिला हत्याकांड में फरार एक अभियुक्त को फेसर थाना की पुलिस ने धर दबोचा है। पकड़ा गया आरोपी पांडेखाप गांव निवासी रामाकांत कुमार है। विदित हो कि उस गांव निवासी मुनरी देवी की गत मंगलवार को बच्चों की विवाद में मारपीट के दौरान हत्या कर दी गई थीं। इसके बाद मामले में मृतका के परिजन द्वारा 19 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है।

# पुलिसकर्मियों से भरी बस स्कूल गेट के ऊपरी हिस्से से टकराई

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

पुलिस कर्मियो से भरी एक बस स्कूल गेट के उपरी हिस्से से जा टक्कराई जिसमें गेट भरभरा कर जमीन पर गिर पड़ा। गनीमत रहा की इस दौरान कोई बड़ी अनहोनी नही हुई और बस में सवार पुलिस कर्मी बाल - बाल बचे। मामला देव थाना क्षेत्र अंतर्गत राजा जगन्नाथ उच्च विद्यालय की हैं। जहां ऐतिहासिक देव कार्तिक छठ मेले की विधी - व्यवस्था को लेकर उक्त स्कूल में पुलिस कर्मियो को आवासन के लिए ले जाया जा रहा है। तभी यह हादसा हो गया। घटना की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने बताया कि मेले की विधी- व्यवस्था संधारण के लिए जिला मुख्यालय से पुलिस बलों को लाया जा रहा था। इसी क्रम में बस स्कूल के गेट से टकरा गई। किसी को कोई नुकसान नही हुआ।

### अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक गिरफ्तार

**औरंगाबाद।** अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर देव थाना की पुलिस द्वारा जब्त किया गया है। साथ ही एक चालक को पकड़ा गया है। पकड़ा गया चालक मदनपुर थाना क्षेत्र के डुमरी गांव निवासी रामजी कुमार है। थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने बताया कि केताकी नहर पुल के समीप अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया गया है। साथ ही एक चालक को गिरफ़्तार किया गया है।






## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग एवं गन्ना उद्योग विभाग मंत्री ने किया देव छठ मेले का उद्घाटन

# देव छठ मेला को मिला राजकीय दर्जा, उपलब्ध होंगी कई सुविधाएं

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

शुक्रवार को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग एवं गन्ना उद्योग विभाग-सह- प्रभारी मंत्री आलोक कुमार मेहता ने देव कार्तिक छठ मेला का उद्घाटन देव सूर्य कुंड के प्रांगण में किया। उन्होंने देव छठ मेला को राजकीय मेला दर्जा प्रदान किया। प्रभारी मंत्री मेहता ने कहा कि महागठबंधन सरकार जो वादा करती है, उसे पूरा करती है। इसके साथ ही देव मेला अब और भी भव्य होगा। समुचित व्यवस्थाओं के साथ-साथ मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगे। इस मेले में बिहार और झारखंड ही नहीं बल्कि देश के विभिन्न राज्यों से




श्रद्धालु आते हैं। इस बार राजकीय मेले की चिट्ठी और संदेश लेकर आया हूं। अगली बार आऊंगा तो तमाम तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। बजट का सारा पैसा एक से दो महीने में भेज दिया जाएगा। यह मेला एक तरफ आध्यात्मिक महत्व रखता है तो दूसरे तरफ सांस्कृतिक महत्व भी रखता है। इस विश्व प्रसिद्ध देव छठ मेले की पौराणिक मान्यता है। यह बिहार का बड़ा आध्यात्मिक जगह है।

मेहता ने कहा कि मंदिर का न्यास समिति एवं विधायक जी ने जो मांग किया है उस मांग को लेकर मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री से मिलकर बात करूंगा तथा पूरी करने का प्रयास किया जाएगा। देव में बाइपास बनाया जाएगा। उन्होंने मेला में कार्यरत सुरक्षा बलों और स्काउट गाइड को बधाई दिया। इस दौरान विधायक आनंद शंकर सिंह ने देव में कॉलेज एवं इलाके की बाहरी हिस्सों में शौचालय की मांग की हैं। इसके आलावा देव - दधपा रोड का जीणोर्धार करवाने की मांग रखा है। साथ ही देव में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जाएं , जमीन की कोई कमी नहीं है। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष प्रमिला कुमारी, डीएम श्रीकान्त शास्त्री, एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम, सदर एसडीओ विजयंत, एसडीपीओ मो. अमानुल्लाह खां, पूर्व विधायक सुरेश मेहता, राजद नेता ई. सुबोध सिंह, ज़िला पार्षद शंकर यादव, राजद जिला प्रवक्ता डॉ रमेश यादव, अनील यादव, गायत्री देवी, सुरेंद्र यादव, राजद जिलाध्यक्ष अमरेंद्र कुशवाहा, जिलाध्यक्ष कांग्रेस राकेश कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, जिला परिषद प्रतिनिधि संजय यादव, सर्किल इंस्पेक्टर शैलेन्द्र, नबीनगर थानाध्यक्ष मनोज पांडेय, देव थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद, नगर पंचायत अध्यक्ष देव पिंटू कुमार साहिल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष गोलू गुप्ता मौजूद थे।




## बिना हेलमेट बाइक चला रहे थे पुलिसकर्मी वायरल हुआ वीडियो

**केसठ/बक्सर।** सूबे में एक तरफ ट्रैफिक नियमों को दरकिनार करने वालों पर पुलिस हजारों का चालान काटती है। वहीं बक्सर पुलिस का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें दो पुलिसकर्मी बिना हेलमेट के गाड़ी चला रहे हैं। तभी उन पर एक युवक की नजर पड़ती है। तो युवक ने तुरंत उनका वीडियो बना कैमरे में कैद कर लिया। युवक ने बताया कि ये वीडियो बक्सर के अहिरौली के पास का है, जहां दो पुलिस कर्मी बिना हेमलेट के बाइक चला रहे थे। सवाल ये है कि जहां आम आदमी का यातायात नियमों का पालन नहीं करने पर जुर्माना वसूला जाता है, वहीं ऐसे जवानों पर कार्रवाई कब होगी।

# डुमरांव के गुड़ की मिठास के कायल हैं यूपी-झारखंड के छठव्रती

◆ डाला में सजेगा गुड़ही ठेकुआ, मंडियों में बढ़ी गुड़ की मांग, खुशबू से महक रहा किसानों का आंगन

**अमरनाथ केशरी/डुमरांव**

लोक आस्था का महापर्व छठ में गुड़ की महत्ता बढ़ जाती है। इस बार डुमरांव के गुड़ की खुशबू से यूपी और झारखंड के मंडिया भी कायल है। यहां के बने गुड़ से कई राज्यों के छठ व्रती छठ मईया का प्रसाद बना कर सूर्य देवता को अर्घ्य देंगे। गुड़ के कारोबार से जुड़े स्थानीय ग्रामीण इलाकों के किसानों की आंगन में गुड़ के कराह चढ़ गये है। गुड़ की सोंधी खुशबू से इलाका महक रहा है। मंडियों में गुड़ की मांग बढ़ गयी है और व्यापारी गुड़ की खरीदारी कर अपने मंडियों में ले जाकर बिक्री कर रहे है। लोक परंपरा के अनुसार वहां के छठ व्रती छठ मईया के प्रसाद में गुड़ का ठेकुआ बनाकर इसका इस्तेमाल करेंगे। गन्ना किसान की माने तो डुमरांव के नंदन, चतुरशालगंज, आमसारी, लाखनडेरा, अरियांव आदि इलाके में बनने वाले गुड़ अन्य राज्यो में भी प्रसिद्धि दिलाई है। यहां की मिट्टी से उपजे गन्ने की पेराई कर बनाये गये गुड़ यूपी के बलिया, गोरखपुर, बनारस, गाजीपुर और झारखंड के कोडरमा, चौपारण, रांची, धनबाद और बोकारो के व्यापारी यहां से गुड़ की खरीदारी कर अपने मंडियों में बेच अच्छी कमाई करते है। छठ महापर्व को लेकर दिन-रात किसान कड़ी मेहनत कर गुड़ बनाने में जुटे है।



### 10 घंटे की कड़ी मेहनत से तैयार होता है गुड़

किसान कहते हैं कि 20 किलोग्राम गुड़ बनाने में करीब 10 घंटे का समय लगता है। 80 लीटर ईख के रस को चार घंटे तक तेज आंच पर पकाया जाता है। जब वह मधु की तरह होता है तो उसे दो घंटे तक ठंडे जगह पर रखने के बाद घर का पूरा परिवार दानेदार रावा को छोटे-छोटे लड्डू के तरह तैयार किया जाता है। इस काम मे पूरा दिन निकल जाता है। व्यापारी इस गुड़ को 45 रुपये प्रति किलो के हिसाब से खरीद करते है और अपने मंडियों में ले जाकर 55 से 60 रुपये प्रति किलो बिक्री करते है। इस आमदनी से पूरे परिवार का भरण-पोषण आसानी से हो जाता है।

### बगैर सरकारी सहायता के बेदम हैं किसान

अपनी मेहनत की बदौलत आर्थिक लाभ कमाने वाले किसानों का कहना है कि ईख की खेती के लिए सरकार की ओर से कोई बढ़ावा नही मिला है। सौ किलोमीटर के दायरे में एक भी चीनी मिल नही है, जिससे किसानों को मोटे लाभ से वंचित रहना पड़ता है। किसान कहते है कि अन्य फसलों की उपज बढ़ाने के लिए सरकार नये-नये कृषि यंत्रों को मुहैया करा रही है लेकिन ईख की खेती करने वाले किसानों को सरकारी सहायता के नाम पर कोई मदद नही मिल पायी है। ईख की पैदावार के लिए आसमानी पानी पर निर्भर रहना पड़ता है।

## एक नजर

### राष्ट्रीय लोक जनता दल के जिला प्रवक्ता का हृदय गति रुकने से निधन, पुत्री ने दी मुखाग्नि



**बक्सर।** राष्ट्रीय लोक जनता दल के जिला प्रवक्ता प्रेम कुशवाहा का निधन हो गया है। उनका निधन 14 नवम्बर को कर्नाटक में हृदय गति रुकने से हुआ। शुक्रवार को उनका शव पैतृक गांव इटाढ़ी प्रखंड के खतिबा लाया गया। जहां पार्टी कार्यकर्ता व सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे। वही पत्नी रेणु देवी समेत परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था। स्व. प्रेम कुशवाहा को श्रद्धांजलि अर्पित करने के पश्चात सुबह 8 बजे उनका शवयात्रा निकाला गया जो ज्योति प्रकाश चौक रालोजद कार्यालय पहुंचा जहां विभिन्न पार्टी के नेता व कार्यकताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। उनके श्रद्धांजलि सभा में अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के अध्यक्ष संतोष निराला समेत विभिन्न राजनैतिक दलों के कार्यकता शामिल हुए। इसके बाद मुक्तिधाम चरित्रवन में उनका अंतिम संस्कार किया गया। जहां तीनों पुत्रियों प्रिया कुमारी 18 वर्ष, प्राची कुमारी 16 वर्ष व प्रगति कुमारी 12 वर्ष ने उन्हें मुखाग्नि दी। बता दें कि उनका कोई पुत्र नहीं था। सिर्फ तीन पुत्रियां ही थीं। लेकिन पुत्रियों ने परंपरा को छोड़ उन्हें मुखाग्नि दी।

### साइबर अपराधियों ने युवक के खाते से उड़ाए एक लाख 16 हजार रूपए

**डुमरांव।** नगर के गड़ेरी टोला मोहल्ले के एक युवक से साइबर अपराधियों ने एक लाख 16 हजार रूपए ठग लिए है। ठगी की यह वारदात गुरूवार को हुई है। पीड़ित कृष्णमोहन पाल ने बताया कि उसके मोबाईल पर 8051291573 नंबर से फोन आया और बताया गया कि आपकी बिजली कटने वाली है। फोन करने वाले ने बताया कि आपके व्हाट्सऐप पर एक लिंक भेज रहा हूं, जिसे खोल ऑन लाईन रिचार्ज किया जा सकता है। लेकिन कृष्णा ने जब उक्त लिंक को खोला तो उसके बैंक ऑफ इंडिया के खाते से तीन बार में कुल एक लाख 16 हजार रूपए कट गए। इसके बाद पीड़ित ने तत्काल इसकी सूचना बैंक व स्थानीय थाने को दी। पीड़ित के बयान पर साइबर थाने में अज्ञात साइबर अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## छठमय हुआ बाजार, जरूरी सामानों की खरीदारी के लिए उमड़ी भीड़

# नहाय खाय संपन्न, आज खरना का प्रसाद ग्रहण कर 36 घंटे का उपवास करेंगी व्रती





**केटी न्यूज/बक्सर**

शुक्रवार को नहाय खाय के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ शुरू हो गया है। इस चारदिवसीय पर्व में शनिवार को व्रती खरना करेंगी। इसके तहत आम की लकड़ी पर बनी गाय के दूध, आरवा चावल व गुड़ की खीर तथा तथा रोटी या पुड़ी का प्रसाद ग्रहण कर व्रती 36 घंटे का कठिन निर्जला उपवास शुरू करेंगी। रविवार को अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को पहला अर्घ्य तथा सोमवार को अहले सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ यह व्रत संपन्न होगा। लोक आस्था के इस महापर्व को ले जिले का माहौल भक्तिमय बन गया है। बक्सर में गंगा घाट के किनारे तथा डुमरांव में छठिया पोखरा, जंगलीनाथ शिव मंदिर तालाब आदि जगहों पर जिला प्रशासन, नगर परिषद प्रशासन व पूजा समितियों द्वारा उत्सवी माहौल में छठ संपन्न कराने की कवायद की जा रही है। इसके तहत घाटों का सौंदर्यीकरण किया जा चुका है। गंगा के किनारे जिन घाटों पर सिल्ट या कीचड़ जमा था, उसकी सफाई कर लिया गया है। घाटों को जेसीबी के सहारे समतल बनाया गया है। वही डुमरांव के छठिया पोखरा पर आकर्षण बनाने के लिए मधुबनी पेंटिंग करवाई गई है। मधुबनी से आए कलाकारों ने आस पास की दीवारों पर मधुबनी पेंटिंग उकेरा है जो अभी से ही आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। वही जंगलीनाथ शिव मंदिर घाट पर सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है। इसके अलावे सभी घाटों को चकाचक बना दिया गया है। व्रती परिवारों द्वारा भी अपने स्तर से अपने निर्धारित घाट की सफाई व डिमार्केशन का काम पूरा कर लिया गया है।

**देर शाम तक होती रही खरीददारी:** इस महापर्व को ले बाजार गुलजार हो गया है। लोक आस्था के इस महापर्व में पूजा के जरूरी सामानों की खरीददारी के लिए लोग देर शाम तक बाजार में उमड़े रहे। बक्सर तथा डुमरांव में पूरे दिन कलसूप, फल, कपड़ा तथा छठ पूजा में काम आने वाली अन्य सामग्रियों की दुकानों पर खरीददारों की भीड़ उमड़ी रही। इस दौरान बक्सर तथा डुमरांव में पूरे दिन जाम लगा रहा। डुमरांव का राजगोला रोड तो पूरी तरह से छठ के रंग में रंगा दिखाई पड़ रहा था। इस रोड में सड़क के दोनों किनारे नारियल, गन्ना, सूप, दउरा समेत मौसमी फल, मूली, अदरक, गुड़ आदि की दुकानें सजी थी। जिस कारण गोला रोड में तिल भर भी जगह नहीं बची थी। इसके अलावे अन्य दुकानों पर भी लोगों की भीड़ उमड़ी रही। स्थानीय मंडियों में खरीदारी को लेकर सड़के गुलजार बने रहे। इस बार मंडियों में सूप-दउरा को थोक दुकानदारों द्वारा झारखंड के मधुपुर से मंगाये गये है, जो पिछले वर्ष के मुकाबले कीमतों में उछाल बना है। मंडी में इस महापर्व पर दुकाने सज गयी है। स्थानीय दुकानदार विजय कुमार, करीमन साह, लक्ष्मण प्रसाद, रवि कुमार आदि ने बताया कि झारखंड के बने सूप व दउरा में काफी आकर्षक होता है। इस बार इनके भावो में उछाल है। हालांकि स्थानीय स्तर पर भी कारीगरों द्वारा सूप व दउरा की निर्माण गति तेज है। सूप निर्माण में जुटी महिलाओ ने बताया कि एक माह पहले से ही इसका निर्माण शुरू किया जाता है। यहां के बने सूप मजबूत व टिकाऊ होते है जबकि बाहर से मंगाये गये सूप इसके सामने बेदम है। इस बार सूप 40 से 60 रुपये पीस, दउरा 100 से 250 रुपये पीस और डलिया 50 से 100 रुपये।

### वैदिक काल से चली आ रही है प्रकृति की पूजा - रूपेश चौबे

**सिमरी।** प्रखंड के बड़का राजपुर स्थित आक्सफोर्ड कॉन्वेंट स्कूल में शुक्रवार को छठ महोत्सव मनाया गया। जिसका उदघाटन स्कूल निदेश रूपेश चौबे व पत्रकार जयप्रकाश मिश्र ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्र छात्राओं ने छठ पर आधारित पारंपरिक गीतों व नृत्य से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि छठ प्रकृति की पूजा का ही एक रूप है। भारत में वैदिक काल से ही प्रकृति की पूजा होती आ रही है।






# छठ पूजा से होती है प्रकृति की रक्षा, स्वच्छता का मिलता है संदेश

**पीके बादल/केसठ**

भारत त्योहारों का देश हैं। यहां का हर दिन, पर्व का दिन रहता है। यहां के पर्व धर्म, संस्कृति और क्षेत्र के आधार पर अलग-अलग होते हैं। कई जगह लोगों के अपने-अपने स्थानीय त्योहार भी होते हैं। जैसे, पंजाब के लोगों द्वारा लोहड़ी मनाई जाती है, दक्षिण भारत के कुछ क्षेत्रों में ब्रह्मा लक्ष्मी की पूजा की जाती है। इसी तरह बिहार और नेपाल के साथ-साथ पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रों में छठ पूजा की परम्परा है। प्रवासी भारतीयों के द्वारा भी इसे मनाने के कारण यह पर्व भारत के अलावा विश्व के अन्य भागों में भी मनाया जाने लगा है। यह मुख्यतः भोजपुरी भाषी लोगों द्वारा मनाया जाता है। इसलिए इस क्षेत्र के लोगों के लिए यह केवल धार्मिक त्योहार ना होकर संस्कृति का हिस्सा हो गया है। प्रकृति और मनुष्य के अद्भुत मेल का महापर्व है छठ पूजा। यह एकमात्र ऐसा महापर्व है, जिसमें प्रकृति के सौंदर्य और शैली को अपनाकर इस महापर्व को मनाया जाता है। यह पर्व न केवल मनुष्य को प्राकृतिक भावनाओं के साथ जोड़ता है, बल्कि प्रकृति के नजदीक ले जाकर उसे जानने का भी अवसर देता है। इस पर्व में आदमी प्रकृति में देवत्व स्थापित करते हुए उसे सुरक्षित रखने की कोशिश भी करता है। दीपावली में घरों की सफाई की जाती है तो छठ पर नदियों और जलाशयों की। गांव के पोखरा और कुएं तक साफ कर दिए जाते हैं। जिससे पूरा वातावरण प्रदूषण मुक्त हो जाता है।



**प्रदूषण के खतरों से बचाती है छठः** आज दुनिया में जल और पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया जा रहा है। बिहार ने सदियों पूर्व इसके महत्व को समझा और यही कारण है कि छठ पर्व पर नदी घाटों और जलाशयों की सफाई की जाती है तथा जल में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। सूर्य की छाया पानी में साफ-साफ दिखाई पड़नी चाहिए। जल को इतना निर्मल और स्वच्छ किया जाता है कि उसमें सूर्य की किरणें भी प्रतिबिंबित हो उठे। छठ सूर्य की पराबैगनी किरणों को अवशोषित कर उसके हानिकारक प्रभावों से बचाती है। वैज्ञानिक भी यह मानते हैं कि कार्तिक मास की षष्ठी तिथि को धरती की सतह पर सूर्य की हानिकारक पराबैगनी किरणें मानक से अधिक मात्रा में टकराती हैं। लोग जल में खड़े होकर जब सूर्य को अर्घ्य देते हैं तो वे किरणें अवशोषित होकर आक्सीजन में परिणत हो जाती हैं, जिससे लोग उन किरणों के कुप्रभावों से बचते हैं। तभी तो प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा हो पाती है और हम चुस्त-दुरुस्त दिखते हैं।

**ईश्वर की पुत्री है छठः** छठ व्रत कथा के अनुसार छठ देवी ईश्वर की पुत्री देवसेना बताई गई हैं। देवसेना अपने परिचय में कहती हैं कि वह प्रकृति की मूल प्रवृति के छठवें अंश से उत्पन्न हुई हैं। यही कारण है कि उन्हें षष्ठी कहा जाता है, जो भगवान भास्कर के साथ मिल कर सम्पूर्ण प्रकृति को धारण किए हुए हैं।

### लौकी की सब्जी और खीर खाकर महिलाए शुरू करती हैं व्रत

महापर्व छठ और पर्वों से सबसे कठिन होता है। ये चार दिवसीय पर्व है। जिसमें 36 घंटे व्रती निर्जला उपवास करती है। व्रती उपवास से पहले नहाय खाय के दिन लौकी की सब्जी तथा चावल और अगले दिन खरना के दिन आम की लकड़ी पर बनी गाय के दूध व अरवा चावल की खीर तथा रोटी खाकर व्रत शुरू करती हैं। बेटा या पति बांस की टोकरी में मौसमी फल व सब्जियों को छह, 12 व 24 की संख्या में लेकर नदी या तालाबों के किनारे जाते हैं। छठ गीत गाती व्रती महिलाओं के संग अन्य महिलाएं घाट तक जाती हैं। मिट्टी की बेदी बनाकर पुरोहितों के सानिध्य में पूजा होती है। गन्ने के साथ ही दूध व गंगा जल से डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। इसलिए व्रत नदी या सरोवरों के किनारे मिट्टी की बनी बेदी की विधि विधान से पूजा की जाती है। स्नान कर महिलाएं पानी में खड़े होकर डूबते और उगते सूर्य को अर्घ्य देकर संतान की सुख की कामना करती हैं। छठी मइया के गीतों के साथ पति या बेटा सिर पर बांस की टोकरी में सभी मौसमी फल रखकर घाट तक जाते हैं और महिलाएं सूप में जलते दीपक और गंगाजल के साथ छठ गीतों के संग पीछे-पीछे चलती हैं। पूजन में विशेष छठ पर्व पर परिवार में जितने पुरुष होते हैं उतने सूप से पूजा की जाती है। गाय का दूध, गन्ना, पानी फल (सिघाड़ा), संतरा, सेब, मूली, नींबू, कच्ची हल्दी व चावल का बना लड्डू और रक्षा सूत्र के पुरोहित व पूजनीय विधि विधान से पूजन कराते हैं। महिलाएं ऐसी साड़ी या धोती पहनती हैं, जिसमें काले रंग का प्रयोग न हो।






## गायत्री परिवार ट्रस्ट बक्सर की ओर से पुराना भोजपुर में किया गया भूमिपूजन

# 9 कुंडीय महायज्ञ और प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन 25 नवंबर से

**केटी न्यूज/डुमरांव**

गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के संरक्षण में शुक्रवार को पुराना भोजपुर में गायत्री परिवार ट्रस्ट बक्सर की ओर से 25 नवंबर से होने वाले 9 कुंडीय महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा के आयोजन को लेकर भूमिपूजन और ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुरोहित रामानंद तिवारी एवं तेज नारायण ओझा ने की। महायज्ञ का समापन 27 नवंबर को होगा। समारोह में



कलश यात्रा के पहले दिन से लेकर तीसरे दिन तक यज्ञ स्थल पर बने 9 कुंडो में 32 श्रद्धालु जोड़े आकर प्रतिदिन भाग लेंगे, वहीं महायज्ञ के दूसरे दिन दीप महायज्ञ का आयोजन किया जायेगा। गायत्री परिवार के पुरोहित रामानंद तिवारी ने कहा कि महायज्ञ के संकल्प से क्षेत्र के हर घर में समृद्धि व शांति की भावना उत्पन्न होगी। सद्विचार एवं श्रेष्ठ आचरण द्वारा, व्यक्ति, परिवार, समाज, देश और युग निर्माण का सपना ऐसे महायज्ञ का आयोजन कर साकार किया जा सकता है। यज्ञ और हवन से वातावरण के साथ लोगों के अंदर बैठा मैल दूर होता है। जहां एक ओर यज्ञ आयोजन के दौरान शिक्षाविद, ज्ञानी संत-महंत प्रवचनकताओं की मृदुल वाणी से लोगों का तन और मन साफ होता है, वहीं दूसरी ओर यज्ञ में हवन करने से वातावरण की शुद्धि होती है। इस अवसर पर रोहित सिंह, सुधा भारद्वाज, अनु भारद्वाज, खुशी भारद्वाज, सबी भारद्वाज, विमलेश कुमार सिंह, उमेश गुप्ता रौनियार, दिनेश केसरी, आशीष गौतम, कृष भारद्वाज, कुंदन कुमार, आशीष कुमार, उमा देवी, गणेश भारद्वाज, ओमप्रकाश शर्मा सहित अन्य कई उपस्थित रहे।



# किसान भाई ध्यान रखें... जनपद में पराली जलाने की घटना न हो: डीएम

**केटी न्यूज/बलिया**




जिलाधिकारी रविंद्र कुमार शुक्रवार को कृषि भवन परिसर में प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फार इन सीटू मैनेजमेंट आफ क्रॉप रेसिड्यू योजना के अंतर्गत फसल अवशेष /पराली प्रबंधन हेतु जागरूकता अभियान को लेकर आयोजित की गई किसान गोष्ठी को संबोधित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए यह किसान गोष्ठी काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने वायु प्रदूषण के बारे में पराली जलाने से होने वाली हानियों एवं वर्तमान में दिल्ली एनसीआर का उदाहरण दिया और बताया कि कैसे दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषित हो गई है, जिसके चलते सांस लेने में दिक्कत आ रही है। उन्होंने कहा कि हमारे बलिया के किसान जागरूक हैं और जो भी सरकार और माननीय उच्च न्यायालय का निर्देश होता है उसे लागू करने पर जोर देते हैं।

उन्होंने कहा कि पराली प्रबंधन दो माध्यमों से हो सकता है एक तो डीकंपोजर के द्वारा, दूसरा गौशालाओं में पराली दो और खाद लो योजना के द्वारा। जिन गांवों के पास गौशालाएं हैं वे किसान इस योजना का लाभ उठाएं। पराली जलाने से खेत की उर्वरा शक्ति कम होती है जैविक पदार्थ नष्ट हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि पराली जलाने की घटना को केंद्र सरकार और राज्य सरकार सेटेलाइट के माध्यम से मॉनिटर कर रही है, इस माध्यम से पराली जलाने के स्थान का सही पता चल जाता है।

उन्होंने किसानों से अपील किया कि आगे से जनपद में पराली जलाने की एक भी घटना न होने पाए, इस बात का ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने कृषि उपनिदेशक को निर्देश दिया कि पराली के बदले खाद देने का कार्यक्रम गौशालाओं में जल्द शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि कृषि उपनिदेशक ने बताया है कि वर्तमान में जनपद में 6 बेलर मशीन आ गई हैं, इसका उपयोग हर ब्लॉक स्तर पर जल्द शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। आगे भी ऐसी मशीनों को मंगाया जाएगा। उन्होंने गोरखपुर की पराली से गत्ते बनाने वाली कंपनी का जिक्र किया और कृषि उपनिदेशक को निर्देश दिया कि इस कंपनी से समझौता कर पराली प्रबंधन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। अगर यह समझौता हो जाए तो दूसरे जनपदों के लिए यह व्यवस्था उदाहरण बनेगी।

जिलाधिकारी ने किसानों से अपील किया कि वे अपने धान की पैदावार को सरकार द्वारा खोले गए धान क्रय केंद्रों पर ही बेचें। उन्होंने खरीद संबंधी कोई भी शिकायत मिलने पर कठोर कार्रवाई का भरोसा दिया। उन्होंने श्री अन्न योजना के अंतर्गत जनपद में किए गए बीज वितरण के लिए कृषि विभाग के अधिकारियों और किसानों को बधाई दी।

## लोगों में महापर्व छठ को लेकर श्रद्धा और उत्साह चरम पर

# नहाय-खाय के साथ छठ पर्व शुरू बाजार में खरीदारी को उमड़ी भीड़

**केटी न्यूज/बलिया**



छठ पर्व को लेकर नगर से लेकर ग्रामीणांचल में श्रद्धा और उत्साह चरम पर है। छठ के गीतों से वातावरण भक्तिमय हो गया है। शुक्रवार को बाजार में छठ पर्व की खरीदारी के लिए काफी चहल-पहल रही। ग्रामीण क्षेत्र से महिलाओं ने नगर के बाजार में पहुंचकर पूजन सामग्रियों एवं फलों की खरीदारी की। शुक्रवार की शाम को व्रतियों ने लौकी व चने की दाल के साथ ही अरवा चावल का भात खाकर व्रत का संकल्प लिया। छठ व्रत के दूसरे दिन यानी आज पूरे दिन निर्जला व्रत रखकर रात में महिलाएं रोटी और गुड़ की खीर खाएंगी।

उधर, समिति व आम लोगों द्वारा शुक्रवार को भी गंगा, घाघरा, मगई, टोंस, तालाब, सरोवर आदि घाटों पर साफ-सफाई की गई। शुक्रवार को छठ पूजा बाजार की रौनक देखते ही बन रही थी। पूजा के मद्देनजर बाजार में सड़क के किनारे फलों की दूकानें सज गई थीं। नगर के रामलीला मैदान तथा टाउन हाल मैदान सहित अन्य स्थानों पर गड्ढा खोदकर तालाब बनवाए गए है। पूजा समितियों द्वारा छठ घाट व आने-जाने वाले मार्गों को आधुनिक विद्युत उपकरणों से सजाया जा रहा था। इसके अलावा लाटघाट, महावीर घाट, बिचला घाट, हाईड्रिल कालोनी, बहादुरपुर, आवास-विकास कॉलोनी, रामपुर महावल आदि स्थानों पर सजाया जा रहा था। प्रत्येक साल की भांति इस साल भी जीराबस्ती, हनुमानगंज, नगरी, धरहरा, बसंतपुर, अगरसंडा, मिड्ढा सहित अन्य छठ घाटों पर सजावट की जा रही है। बेल्थरारोड संवाददाता के अनुसार, छठ को लेकर पूजा स्थल और सरोवरों की साफ-सफाई का कार्य जोरों पर चल रहा है। नगरीय क्षेत्र के विचला पोखरा, पश्चिम पोखरा,नवकापुरा, बिठुआ मार्ग स्थित सरोवरों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के पोखरों और तालाबों का कार्य अंतिम चरण में हो रहा है।

### तुरंत मिट्टी डालने का निर्देश

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार छठ पूजा की तैयारियों का जायजा लेने शुक्रवार की शाम माल्देपुर घाट पहुंचे। उन्होंने छठ घाटों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने महावीर घाट पर स्थानीय लोगों से बातचीत कर छठ पूजा के बारे में जानकारी ली। बातचीत के दौरान वहां के लोगों ने बताया कि सबसे ज्यादा भीड़ इसी घाट पर होती है। समिति के सदस्यों ने जिलाधिकारी से माल्देपुर घाट पर मिट्टी गिराने और साफ-सफाई का आग्रह किया। जिलाधिकारी ने नगर पालिका के सहायक अभियंता को मिट्टी डलवाने का काम शुरू करने और लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता से रोलर के द्वारा मिट्टी को दबाकर समतलीकरण कराने को कहा। साफ-सफाई के एसडीएम सदर को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान सीआरओ त्रिभुवन और एसडीएम सदर आत्रेय मिश्र मौजूद थे।

## छठ महापर्व पर नहीं बदले जाएंगे ट्रेनों के प्लेटफार्म

**पीडीडीयू नगर।** महापर्व डाला छठ पर ट्रेनों में यात्रियों की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए डीडीयू मंडल ने विशेष कदम उठाए हैं। इसके तहत डीडीयू स्टेशन पर ट्रेनों के प्लेटफार्म अचानक नहीं बदले जाएंगे। यह जानकारी मंडल रेल प्रबंधक राजेश गुप्ता ने दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 40 जोड़ी स्पेशल ट्रेन डीडीयू मंडल से गुजर रही है। मंडल में तीन अतिरिक्त रिजर्वेशन काउंटर, नौ अतिरिक्त अनारक्षित टिकट काउंटर की व्यवस्था की गई है। प्रमुख स्टेशनों पर कुल 18 एटीवीएम मशीन कार्यरत हैं। एटीवीएम से टिकट लेने में यात्रियों की सहायता के लिए 10 फैसिलिटेटर भी तैनात किए गए हैं। डीडीयू और गया स्टेशन पर दो अतिरिक्त 'मे आई हेल्प यू' बूथ भी लगाए गए हैं। स्टेशनों पर जनता भोजन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। मंडल के स्टेशनों पर 31 वाटर वेडिंग मशीन उपलब्ध है। स्टेशनों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं।

# डाला छठ : डीएम व एसपी ने घाटों का किया निरीक्षण



**केटी न्यूज/गाजीपुर**

डाला छठ महापर्व को देखते हुए जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ने जनपद के विभिन्न घाटों का स्थलीय निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही संबन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने शहर के ददरी घाट, चीतनाथ घाट, कलेक्टर घाट, सिकन्दरपुर घाट, छोटा महादेव मंदिर महादेवा घाट, पत्थर घाट, पवहारी बाबा आश्रम के पास घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बड़ा महादेवा, छोटा महादेवा एवं पत्थर घाटों पर अत्यधिक पानी व गहराई होने के कारण इन तीनों घाटों पर लोगों को जाने के लिए प्रतिबन्धित किया है। उन्होंने कहा कि इन घाटों पर छठ पूजा अर्चन करने वाले व्यक्ति किसी अन्य घाट पर जाकर पूजा पाठ कर सकती हैं। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को घाटों पर साफ-सफाई, बैरिकेटिंग व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, घाटों पर नावों तथा उस पर तैनात गोताखोरों की व्यवस्था, सुरक्षा के दृष्टिगत भारी पुलिस फोर्स के साथ महिला आरक्षियों की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। साथ ही घाटों पर लगाये गए नाविकों एवं गोताखोरों का पहचान पत्र जारी करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को सभी घाटों पर अस्थायी कपड़ा चेन्जिग रूम तथा घाटों पर जाने वाली सड़कों को गड्ढा मुक्त करने तथा सभी घाटों पर साफ-सफाई का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि घाटों पर किसी प्रकार की दुकानें न लगाई जाएं जिनसे भीड़-भाड़ होने की सम्भावना है।

उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को जनपद के प्रमुख घाटों पर एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने ऐसे घाट जहां भीड़-भाड़ अधिक होती है, ऐसे प्रत्येक प्रमुख घाटों पर कंट्रोल रूम/खोया/पाया केन्द्र बनाते हुए कर्मचारी तैनात करने का भी निर्देश दिया। मौके पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0, एसपी सिटी, क्षेत्राधिकारी शहर, शहर कोतवाल, उप जिलाधिकारी सदर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गाजीपुर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, तहसीलदार सदर उपस्थित थे।

## एक नजर

### मऊ में पुलिस के साथ मुठभेड़ में दो अपराधी घायल, दो अवैध पिस्टल व जिंदा कारतूस बरामद

मऊ। अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एसओजी/सर्विलांस एवं थाना चिरैयाकोट पुलिस को उस समय अहम सफलता हाथ लगी जब शुक्रवार को चेकिंग के दौरान चिरैयाकोट क्षेत्रान्तर्गत कमालचक नहर पटरी के पास से पुलिस मुठभेड़ में दो अपराधियों सर्वेश यादव पुत्र स्व0 सुरेश व आशीष यादव पुत्र चन्द्रिका निवासीगण बस्तीचक को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उनके पास से दो अवैध पिस्टल व जिंदा कारतूस तथा एक मोटरसाईकिल स्प्लेंडर प्लस बरामद किया गया। जवाबी फायरिंग के दौरान उक्त आशीष के दाहिने व सर्वेश के बांये पैर में गोली लगी है जिनका इलाज कराया जा रहा है।

### बेटी के जन्मदिन पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ संतोष कुमार ने लिया 10 टीबी मरीजों को गोद

**मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मेडिकल ऑफिसर एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ संतोष कुमार यादव द्वारा लगातार 3 वर्ष बीतने के बाद चौथे वर्ष अपने बेटी के जन्मदिन के अवसर पर ब्लॉक के विभिन्न गांव से 10 टी बी की महिलाओं को गोद लेकर पुनीत कार्य किया। बताते चले की टीवी के मरीज जिसमें रेशमी देवी चंद्रधारी ललिता सुनील कुमार रामचंद्र नानू यादव नजरे आलम रामवती देवी शाह फहद सितारा जो ब्लॉक के विभिन्न गांव से अति गरीब परिवार से थी इन्हें गोद लेकर चिकित्सक ने पुनीत कार्य किया जिसकी क्षेत्र में काफी चचाएं हो रही है प्रत्येक व्यक्ति का यह कर्तव्य है कि ऐसे कार्य करके गरीबों की सेवा करें जिससे उनके दुख दर्द में कोई न कोई व्यक्ति उसका साथ दे इस अवसर पर अस्पताल के समस्त चिकित्सक एवं टीवी के वरिष्ठ कर्मचारी राणा कुमार राजेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

### पत्नी के मायके में रहने से नाराज पति ने चाकू मारकर किया घायल, अस्पताल में भर्ती

**मऊ।** पत्नी के मायके रहने से नाराज पति ने रतनपुरा बाजार में पत्नी पर चाकू से वार कर बुरी तरह घायल कर दिया। घायल पत्नी को लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया। जहां उसका उपचार चल रहा है। बताया जाता है कि बीबीपुर ग्राम पंचायत निवासी भूपेंद्र राजभर पुत्र शिव मुनि राजभर की शादी 4 अप्रैल 2012 को हलधरपुर थाना क्षेत्र के अतरौल पांडेय ग्राम पंचायत निवासी विभावती पुत्री शिव गोविंद राजभर से हुई थी। इनके दो पुत्र भी हैं। अपने पति के शराब पीने की आदत से विभावती बराबर खिन्न रहती थी। विभावती के ससुर शिव मुनि राजभर ने भी बताया कि भूपेंद्र अक्सर शराब पीकर घर आता है, परिजनों से झगड़ा करता है। पति की आदतों से नाराज होकर पत्नी विभावती अपने मायके में रहती थी।




# लोकनायक जेपी ट्रस्ट की बस से भारी मात्रा में शराब बरामद

## चालक व खलासी पुलिस को चकमा देकर फरार

**केटी न्यूज/बलिया**

शहर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार की दोपहर उदयपुरा से लोक नायक जयप्रकाश नारायण ट्रस्ट सेवा की बस से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया। जबकि चालक व खलासी पुलिस को चकमा देकर भाग खड़े हुए। पुलिस ने बस को कब्जे में लेने के बाद जहां शहर कोतवाली में लाकर खड़ी कर दी है। वहीं भारी मात्रा बरामद शराब को जब्त कर लिया है।

लोक नायक जयप्रकाश नारायण ट्रस्ट सेवा की बस से इस तरह शराब बरामद होने से एक तरफ जहां चचाओं का बाजार गर्म है। वहीं इस बात की भी चर्चा जोरों पर है कि किसी न किसी रसूखदार के संरक्षण में ही शराब बलिया से बिहार तस्करी के लिए जा रही थी। शहर कोतवाली पुलिस ने भले ही तत्परता दिखाई हो, लेकिन हैरत करने वाली बात यह है कि जिस लोकनायक ने हमेशा भ्रष्टाचार के लिए आवाज उठाई। उसी लोकनायक जयप्रकाश नारायण ट्रस्ट की बस से तस्करों ने शराब की तस्करी करना शुरू कर दिया है। सूत्र की मानें तो शराब तस्करों का यह नया ट्रेंड शुरू हुआ है। उधर शहर कोतवाल संजय सिंह ने बताया कि लोक नायक जयप्रकाश नारायण ट्रस्ट सेवा की बस से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है। चालक व खलासी फरार हो गया है। शराब की काउंटिंग की जा रही है।

## पुलिस की हत्थे चढ़े दो शातिर चोर

**चंदौली।** पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के निर्देश पर जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार चेकिंग अभियान में सदर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को दो शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया जिनके पास से 79 पीली धातु व एक सफेद धातु के आभूषण 2 लाख 25, हजार रुपये, और एक लोहे की रॉड व एक मोटर साइकिल बरामद किया। उक्त मामले का खुलासा सीओ सदर रामवीर सिंह ने कोतवाली में किया। उन्होंने बताया कि कुछ माह पहले कस्बा स्थित गंगा रोड़ पर स्टाफ नर्स के घर की गई चोरी के मामले में पुलिस इनकी तलाश कर रही थी। पुनः किसी घटना को अंजाम देने आए दो अन्तर्जनपदीय चोरों को पुलिस टीम ने कैली रोड़ से गिरफ्तार कर लिया। इनमें अभियुक्त राजू गुप्ता निवासी कांटा व ऋतिक उर्फ रितिक केशरी निवासी कैली रोड के रहने वाले हैं।

# डॉल्फिन बचाने का दिया संदेश

**केटी न्यूज/पीडीडीयू नगर**



कैलाशपुरी स्थित श्री साइ पब्लिक स्कूल परिसर में एक गोष्ठी का आयोजन डॉल्फिन संरक्षण और डॉल्फिन रेस्क्यू विषय पर किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री स्वच्छता दूत एवं गंगा प्रहरी दर्शन निषाद ने कहा कि गंगा सेवा और डॉल्फिन संरक्षण का कार्य चंदौली जनपद में निरंतर किया जा रहा है तथा पिछले नौ वर्षों में गंगा में डॉल्फिन की संख्या दोगुनी हो गई है।

डॉल्फिन हमारे देश का राष्ट्रीय जलीय जीव है जो दुनिया के प्राचीनतम जलीय जीवों में एक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डॉल्फिन को लेकर काफी संवेदनशील हैं और उन्होंने इसकी रक्षा करने के लिए घोषणा 74 वें स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से भी किया था। श्री निषाद ने इस बात पर जोर दिया कि हमें डॉल्फिन को किसी भी तरीके से नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए और साथ ही साथ अपने घरों में पर्यावरण की रक्षा के लिए गेंदा का फूल और तुलसी का पौधा गमले में ही सही जरूर लगाना चाहिए। इस अवसर पर विषय प्रस्तावना प्रधानाचार्य राजकुमार जायसवाल ने किया। अतिथियों का स्वागत डॉक्टर अनिल यादव ने और धन्यवाद ज्ञापन सीमा पांडे ने किया।




## केंद्रीय मंत्री ने मत्स्य मंडी व बाबा कीनाराम स्वशासीय मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण

# गुणवत्ता के साथ समय सीमा के अंदर कार्य पूर्ण करें: डॉ महेंद्र नाथ

**केटी न्यूज/चंदौली**



भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री व चंदौली के सांसद डॉक्टर महेंद्र नाथ पांडेय ने बृहस्पतिवार मत्स्य मंडी व बाबा कीनाराम स्वशासीय मेडिकल कॉलेज के पंडित कमलापति त्रिपाठी संयुक्त जिला अस्पताल परिसर में निमार्णाधीन चिकित्सकीय भवन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समय सीमा के अंदर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने हिदायत दिया कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

केंद्रीय मंत्री डॉ महेंद्र नाथ पांडेय ने मुख्यालय स्थित माधोपुर नवीन मंडी परिसर में निमार्णाधीन मस्त्य मंडी व बाबा कीनाराम स्वशासी मेडिकल महाविद्यालय के निमार्णाधीन पंडित कमलापति त्रिपाठी सयुंक्त जिला चिकित्सालय परिसर में बना रहे चिकित्सकीय भवन व स्टाफ भवन का स्थलीय निरीक्षण किया।

इस दौरान मेडिकल कॉलेज की नोडल प्राचार्य डॉ उर्मिला सिंह सिंह ने केंद्रीय मंत्री से विद्युत व्यवस्था को स्वीकृत करने के लिए 12 करोड़ की मांग की। जिस पर उन्होंने कहा कि तत्काल इसका प्रपोजल बनाकर उपलब्ध कराएं, ताकि उक्त व्यवस्था को मुकम्मल किया जा सके। साथ ही उन्होंने नर्स स्टाफ, चिकित्सकों के आवास के साथ मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकी भवन के मॉडल को देखा और इसके बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फूडें, मुख्य विकास अधिकारी एसके श्रीवास्तव सीएमओ यूके राय सीएमएस व मेडिकल कॉलेज की नोडल प्रचार्य व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर उर्मिला सिंह, सर्वेश कुशवाहा, राजन सिंह, हरबंस उपाध्याय,शिवराज सिंह, आशुतोष सिंह, जितेंद्र पांडेय, प्रमोद तिवारी, जगत नारायण तिवारी, अजीत पाठक, सुर्यमुनी तिवारी उपस्थित रहे।

